# दीपिका की सास और चाचा ससुर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा

■ आरोपियों ने रविवार को दीपिका की हत्या कर उसे घर की तीसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया था

ग्रेनो वेस्ट के जलपुरा गांव में विवाहित दीपिका नागर की दहेज के लिए हत्या करने के आरोप में पुलिस ने बुधवार को सास और चाचा ससुर को भी गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले आरोपी पति और ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस का दावा है कि घटना में शामिल फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। कुड़ीखेड़ा गांव निवासी संजय नागर ने अपनी 24 वर्षीय बेटी दीपिका नागर का विवाह 11 दिसंबर 2024 को जलपुरा गांव निवासी रितिक के साथ किया था। पिता संजय के अनुसार शादी में उन्होंने करीब एक करोड़ रुपये खर्च किए थे। इसके बावजूद बेटी के ससुराल वाले लगातार अतिरिक्त दहेज में एक फॉर्च्यूनर और 50 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। पिता का आरोप है कि दहेज के लिए आरोपियों ने रविवार को उनकी बेटी की हत्या कर उसे घर की तीसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया। पुलिस ने इस मामले में दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने कार्रवाई कर पति रितिक और ससुर मनोज को गिरफ्तार कर लिया था। सेक्टर ईकोटेक-3 कोतवाली प्रभारी ने बताया कि अब इस मामले में बुधवार को दीपिका की सास पूनम और चाचा ससुर विनोद को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की टीम अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है। सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## पांच हजार वर्ग जमीन से अतिक्रमण हटाया

**नोएडा।** प्राधिकरण ने बुधवार को सोरखा जाहिबाबाद में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 500 वर्ग मीटर जमीन मुक्त कराई। इस दौरान प्राधिकरण टीम को लोगों के विरोध का भी सामना करना पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि वर्क सर्किल-6, भूलेख और पुलिस ने मिलकर कार्रवाई की।

# नोएडा एयरपोर्ट के पास औद्योगिक कॉरिडोर किया जाएगा विकसित

पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास करीब आठ हजार हेक्टेयर में नया औद्योगिक कॉरिडोर विकसित करने की तैयारी है। इसमें उद्योग, आवास, व्यावसायिक समेत मिक्स लैंड यूज से जुड़ी गतिविधियां होंगी। इसके मास्टर प्लान के लिए कंपनी के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अधिकारी ने बताया कि यमुना सिटी के अधिसूचित क्षेत्र में करीब 4750 हेक्टेयर में नोएडा एयरपोर्ट विकसित होगा। इससे आगे टप्पल-बाजना अर्बन सेंटर विकसित होना है। यहां पर लॉजिस्टिक हब विकसित करने की योजना है। टप्पल में जमीन का सर्वेक्षण हो चुका है। अब अलीगढ़ प्रशासन ने भूमि अधिग्रहण को लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी है। एयरपोर्ट और टप्पल-बाजना अर्बन नोड के बीच में करीब आठ हजार अधिसूचित क्षेत्र है। इस क्षेत्र का




अधिकांश हिस्सा अलीगढ़ में है। यहां नया औद्योगिक कॉरिडोर विकसित किया जाएगा। चूंकि, यह क्षेत्र नोएडा एयरपोर्ट के नजदीक है और यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे है। ऐसे में यहां पर औद्योगिक के साथ-साथ आवासीय, व्यावसायिक समेत मिक्स लैंड यूज से जुड़ी गतिविधियां भी विकसित करने की योजना पर काम किया जा रहा है। एयरपोर्ट नजदीक होने के चलते यहां तेजी से होटल बन सकेंगे। इस कॉरिडोर की प्लानिंग बनाने के लिए एक्सपर्ट एजेंसी का चयन किया जाएगा।

> यमुना सिटी में नया औद्योगिक कॉरिडोर विकसित किया जाएगा। नोएडा एयरपोर्ट के आगे और टप्पल-बाजना के बीच यह कॉरिडोर विकसित होगा। इसका मास्टर प्लान तैयार करने के लिए कंपनी का चयन करने की प्रक्रिया शुरू की गई है।
> **-आरके सिंह,** सीईओ, यीडा

## दो मंजिला शोरूम में आग लगी

**ग्रेटर नोएडा।** जेवर कस्बे के मुख्य बाजार स्थित कपड़े और जूते के शोरूम में बुधवार की सुबह अचानक आग लग गई। आग की सूचना पर दमकल की टीम मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जेवर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मुख्य बाजार स्थित पुराना इलाहाबाद बैंक वाली गली में सचिन मित्तल का कपड़ों और जूतों का दो मंजिला शोरूम है। इसके बराबर में ही उनका मकान है। सचिन मित्तल ने बताया कि सुबह साढ़े पांच बजे के करीब उन्हें लोगों ने दुकान में आग लगने की जानकारी दी। देखते ही देखते आग दोनों मंजिल में फैल गई। सचिन मित्तल ने तुरंत सूचना पुलिस और फायर विभाग को घटना की दी।

इसके बाद पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंच गई। दमकलकर्मियों ने बताया कि दो गाड़ियों की मदद से करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग से दुकान में रखा सभी सामान जल गया। बताया जा रहा है कि शोरूम मालिक को काफी नुकसान हुआ है। पुलिस के मुताबिक शुरूआती जांच में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

# दहेज के लिए प्रताड़ित मामले में पांच पर मुकदमा

पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा



■ पुलिस कर रही है जांच, होगी आवश्यक कार्रवाई

ग्रेनो वेस्ट के वैद्पुरा गांव की बेटी ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पुलिस ने पति, सास समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के मुताबिक वैद्पुरा गांव निवासी पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी करीब एक साल पहले हापुड़ क्षेत्र के गांव बड्ढ़ा के रहने वाले रितिक के साथ हुई थी। उसके घर वालों ने शादी में करीब 40 लाख रुपये खर्च किए थे। इसके बावजूद ससुराल पक्ष के लोगों ने अतिरिक्त दहेज की मांग शुरू कर दी। दहेज में कार और कुछ गहनों की मांग की जा रही थी।

पीड़िता का आरोप है कि गर्भवती होने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे और अधिक प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पीड़िता ने यह बात अपने परिजनों को बताई। इसके बाद समाज के लोगों ने दो बार पंचायत की। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने पंचायत के फैसले को भी ठुकरा दिया और उसे मारपीट का घर से निकाल दिया। पीड़िता अब अपने मायके में रह रही है। पीड़िता ने इस मामले में अलग-अलग जगह शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अब पीड़िता ने सेक्टर ईकोटेक-3 कोतवाली में शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी पति रितिक समेत ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# एयरपोर्ट की फ्लाईब्रेरी से गायब हो रहीं किताबें

पायनियर समाचार सेवा। ट्रांस हिंडन

हिंडन एयरपोर्ट पर यात्रियों की सुविधा के लिए शुरू की गई फ्लाईब्रेरी (पुस्तकालय) से 200 से अधिक किताबें गायब हो चुकी हैं। यात्री किताब पढ़ने के लिए लेते हैं, लेकिन गंतव्य पर पहुंचने के बाद इसे जमा नहीं कराते। यह सिलसिला रुक नहीं रहा है, जिसके चलते एयरपोर्ट प्रबंधन अब किताबों का पंजीकरण कराने पर विचार कर रहा है।

हिंडन एयरपोर्ट पर करीब दो माह पूर्व फ्लाईब्रेरी की शुरूआत की गई थी। यात्री उड़ान का इंतजार करने के दौरान यहां से निःशुल्क किताबें लेते हैं और इस किताब को वह यात्रा के दौरान विमान में भी पढ़ सकते हैं। इसीलिए इसे फ्लाईब्रेरी नाम दिया गया था। इसकी शुरूआत होते ही करीब 100 किताबें गायब हो गई थीं। एयरपोर्ट प्रबंधन ने दोबारा ये किताबें खरीदकर फ्लाईब्रेरी में रखीं। मगर 100 से



अधिक किताबें फिर गायब हो गईं।

अधिकारियों का कहना है कि यात्री किताब लेते हैं और पढ़ने के बाद अपने साथ ले जाते हैं, जबकि नियमानुसार किताब गंतव्य वाले एयरपोर्ट पर जमा करानी होती है। इन्हें वहीं से दोबारा मंगाकर फ्लाईब्रेरी में रखा जाता है। अब जब से किताबें गायब होने लगी तो एयरपोर्ट प्रबंधन फ्लाईब्रेरी पर एक कर्मचारी को नियुक्त करने पर विचार कर रहा है। हर यात्री के नाम और टिकट नंबर के आधार पर उसको दी जाने वाली किताब का पंजीकरण किया जाएगा। इसमें मोबाइल नंबर भी होगा ताकि किताब वापस न आने पर यात्री को फोन किया जा सके।

हिंडन एयरपोर्ट प्राधिकरण के निदेशक डॉ. चिलका महेश का कहना है कि किताबें गायब हो रही हैं। इसको लेकर किताब का पंजीकरण करने की प्रक्रिया पर विचार कर रहे हैं। जल्द ही इसे लागू किया जाएगा।

### एयरपोर्ट पर दिखेगी गाजियाबाद की पहचान

हिंडन एयरपोर्ट पर दूसरे शहर व राज्यों से आने वाले यात्रियों को गाजियाबाद से रूबरू कराया जाएगा। इसके लिए यहां गाजियाबाद से जुड़ी जानकारी डिस्प्ले बोर्ड के जरिए दिखाई जाएगी। इसमें गाजियाबाद की पहचान, यहां के इंजीनियरिंग गुड्स और व्यंजन समेत अन्य चीजों के बारे में डिस्प्ले बोर्ड के जरिए यात्रियों को बताया जाएगा।

## चालक पर ट्रक से फ्रिज चोरी करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में ट्रक चालक पर फ्रिज चोरी करने का आरोप लगा है। आरोपी चालक ट्रक में कंपनी के फ्रिज लेकर गाजियाबाद जा रहा था। ट्रक मालिक ने आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। सूरजपुर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ट्रांसपोर्टर कपिल चौधरी ने बताया कि उनका चालक धर्मवीर सिंह 15 मई को ग्रेटर नोएडा से ट्रक में नामी कंपनी के फ्रिज भरकर गाजियाबाद लेकर जा रहा था। मलकपुर के समीप चालक ने ट्रक को साइड में रोका और उसमें से एक फ्रिज चोरी कर कार में रखवा दिया। ट्रक से फ्रिज कम होने के बारे में जब उससे पूछताछ की गई तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। कपिल चौधरी ने चालक धर्मवीर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# साइबर शातिरों ने बुजुर्ग के खाते से उड़ाए 30 हजार रुपये

**ट्रांस हिंडन।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र की शिप्रा सनसिटी में रहने वाले बुजुर्ग के खाते से साइबर शातिरों ने 30 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत करने के बाद थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है शिप्रा सन सिटी निवासी 70 वर्षीय मोहन तिवारी ने पुलिस बताया कि उनका दिल्ली प्रीत विहार ब्रांच में एक खाता है। उन्होंने बताया कि 16 मई को सुबह करीब 11 बजे उनके बैंक खाते से 29999 रुपये निकाल गए। उन्होंने न तो किसी को अपने बैंक खाते की जानकारी दी थी और न ही उनके पास कोई ओटीपी आया था। पासबुक अपडेट करवाने पर रुपये निकलने का पता चला। उन्होंने बताया कि रुपये निकलने का कोई मैसेज भी उन्हें नहीं मिला। उन्होंने साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत करने के बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।


EMBASSY

**Lucina Land Development Limited**
(CIN: U70109DL2006PLC151260)

**Extract of Statement of Audited Consolidated Financial Results for the year ended 31 March 2026**

(₹ in million)

| Sl. No. | Particulars | Current year ended 31 March 2026 (Audited) | Previous year ended 31 March 2025 (Audited) |
|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 135.17 | 102.89 |
| 2 | Net Profit/ (Loss) for the year (before Tax, Exceptional and/ or Extraordinary items) | (477.68) | (226.17) |
| 3 | Net Profit/ (Loss) for the year before Tax (after Exceptional and/ or Extraordinary items) | (479.97) | (1,144.90) |
| 4 | Net Profit/ (Loss) for the period after Tax, (after Exceptional and/ or Extraordinary items) | (503.30) | (1,644.27) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/ (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (509.04) | (1,637.69) |
| 6 | Earnings per Share (EPS) (Face value Per Share ₹10 each) (for continuing and discontinued operations) - | | |
| | - Basic (Amount in ₹) | (10,067.76) | (32,884.98) |
| | - Diluted (Amount in ₹) | (10,067.76) | (32,884.98) |
| 7 | Paid up Equity Share Capital | 0.50 | 0.50 |
| 8 | Net Worth | (11,220.95) | (10,771.44) |
| 9 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) | (11,221.45) | (10,771.94) |

**Notes to the consolidated financial results:**

1. The above consolidated results have been reviewed and approved by the Audit Committee and Board of Directors ('the Board') at its meeting held on 20 May 2026.
2. The above is an extract of the detailed format of Quarterly / Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 52(8), read with 52(4) of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/ Annual Financial Results are available on the Company's website (https://www.embassyindia.com/EIIL) and on the website of BSE (https://www.bseindia.com) and NSE (https://www.nseindia.com).

**Lucina Land Development Limited**
(CIN: U70109DL2006PLC151260)

**Extract of Audited Standalone Financial Results for the quarter and year ended 31 March 2026**

(₹ in million)

| Sl. No. | Particulars | Quarter ended 31 March 2026 (Refer note 3) | Corresponding quarter ended 31 March 2025 (Refer note 3) | Current year ended 31 March 2026 (Audited) | Previous year ended 31 March 2025 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 4.37 | (41.77) | 27.67 | 99.56 |
| 2 | Net (Loss) / Profit for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | (322.54) | (141.04) | (557.73) | (252.76) |
| 3 | Net (Loss) / Profit for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (322.04) | (1,059.77) | (560.02) | (1,171.49) |
| 4 | Net (Loss) / Profit for the period after Tax, (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (332.72) | (1,552.31) | (570.70) | (1,664.03) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising (Loss) / Profit for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | (332.78) | (1,545.73) | (576.44) | (1,657.45) |
| 6 | Paid up Equity Share Capital | 0.50 | 0.50 | 0.50 | 0.50 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) | (11,040.08) | (10,523.15) | (11,040.08) | (10,523.15) |
| 8 | Securities Premium Account | - | - | - | - |
| 9 | Net Worth | (11,039.58) | (10,522.65) | (11,039.58) | (10,522.65) |
| 10 | Paid up Debt Capital / Outstanding Debt | 15,116.93 | 12,583.16 | 15,116.93 | 12,583.16 |
| 11 | Outstanding redemption preference share | - | - | - | - |
| 12 | Debt Equity Ratio* | - | - | - | - |
| 13 | Earnings per Share (EPS) (Face value Per Share ₹ 10 each) | | | | |
| | - Basic (Amount in ₹) | (6,437.72) | (31,045.95) | (11,411.12) | (33,280.43) |
| | - Diluted (Amount in ₹) | (6,437.72) | (31,045.95) | (11,411.12) | (33,280.43) |
| 14 | Capital Redemption Reserve | - | - | - | - |
| 15 | Debenture Redemption Reserve | - | - | - | - |
| 16 | Debt Service Coverage Ratio** | - | - | - | - |
| 17 | Interest Service Coverage Ratio | (0.88) | (9.58) | (1.56) | (10.59) |
| 18 | Current ratio (In times) | 0.72 | 0.54 | 0.72 | 0.54 |
| 19 | Total debts to total assets | 1.03 | 1.11 | 1.03 | 1.11 |
| 20 | Long term debt to working capital (In times)# | - | - | - | - |
| 21 | Bad debt to account receivable ratio (In %) | - | - | - | - |
| 22 | Current liability ratio (In times) | 0.78 | 0.95 | 0.78 | 0.95 |
| 23 | Debtor turnover ratio (In times) | 0.09 | - | 0.57 | 0.85 |
| 24 | Inventory turnover ratio (In times) | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.01 |
| 25 | Operating margin (In %) | - | - | 3.87 | 22.34 |
| 26 | Net profit margin (In %) | (289.13) | - | (389.55) | (1,347.46) |

* Ratio can not be calculated due to negative average shareholders funds.
** Ratio can not be calculated due to negative earning available for debt service.
# Ratio can not be calculated due to negative working capital.
** Amount less than or equal to ₹ 5000.

**Notes to the standalone financial results:**

1. The above results have been reviewed and approved by the Audit Committee and Board of Directors ('the Board') at its meeting held on 20 May 2026.
2. The above is an extract of the detailed format of Quarterly / Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 52(8), read with 52(4) of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/ Annual Financial Results are available on the Company's website (https://embassyindia.com/tcl/) and on the website of BSE (https://www.bseindia.com) and NSE (https://www.nseindia.com).
3. Figures for the quarter ended 31 March 2026 and corresponding quarter ended 31 March 2025 represent the balancing figures between the audited figures for the full financial year and published reviewed year to date figures upto third quarter of the financial year.

**Registered Office:** Office no 202, 2nd Floor,A-18 Rama House, Middle Circle, Connaught Place , New Delhi- 110 001.

**For and on behalf of the Board of Directors**

Place : New Delhi
Date : 20 May 2026

**Meyyappan Ramanathan**
**Whole-time director**


## गाली देने पर धारदार हथियार से हमला, हालत गंभीर

**मुरादनगर।** नगर की सहबिस्वा कॉलोनी में गाली देने का विरोध करने पर युवक को धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। सहबिस्वा कॉलोनी निवासी सुहेल रात के समय परिवार के साथ अपने घर के दरवाजे पर बैठे थे। इसी बीच कई लोग आए और गालीगलौज करने लगे। जब सुहेल ने इसका विरोध किया तो वह मारपीट करने लगे। आरोप है कि धारदार हथियार से वार कर युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। पिता मुस्कीम ने इस संबंध में मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने जावेद उर्फ भूरा निवासी सहबिस्वा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# इंश्योरेंस का झांसा देकर क्रेडिट कार्ड से पौने आठ लाख उड़ाए

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

साइबर अपराधियों ने क्रेडिट कार्ड पर इंश्योरेंस का ऑफर देकर लोनी क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति से पौने आठ लाख रुपये ठग लिए। जालसाजों ने ऐप डाउनलोड कराकर पीड़ित का मोबाइल हैक कर लिया और फिर क्रेडिट कार्ड से रकम साफ कर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

लोनी के पावी सादकपुर स्थित राजधानी एनक्लेव में रहने वाले सुनीत कुमार पांडेय ने साइबर थाने में शिकायत देकर बताया कि बीती 13 मई की शाम करीब पांच बजे उनके मोबाइल नंबर पर दो अलग-अलग नंबरों से कॉल आई। कॉल करने वालों ने खुद को येस बैंक की चांदनी चौक दिल्ली शाखा का प्रबंधक




बताया। आरोपियों ने उनसे कहा कि उनके क्रेडिट कार्ड पर विशेष इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध है। यदि यह सुविधा सक्रिय करा ली जाए तो उनका क्रेडिट कार्ड आजीवन फ्री हो जाएगा और उन्हें कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं देना पड़ेगा। बैंक अधिकारी समझकर वह आरोपियों की बातों में आ गए। सुनीत कुमार पांडेय के मुताबिक उन्होंने जब प्रक्रिया के बारे में पूछा तो आरोपियों ने उन्हें मोबाइल में एक ऐप डाउनलोड कर उसमें क्रेडिट कार्ड की डिटेल, ओटीपी और अन्य बैंकिंग जानकारी भरवाई गई। जैसे ही उन्होंने ऐप में जानकारी दर्ज की, उसी समय उनका मोबाइल साइबर अपराधियों के नियंत्रण में चला गया। मोबाइल का डाटा दूसरे डिवाइस में ट्रांसफर कर लिया गया और बैंक खाते तक अपराधियों की पहुंच बन गई।

सुनीत कुमार के मुताबिक शुरूआत में उन्हें किसी गड़बड़ी का अंदेशा नहीं हुआ। कुछ देर बाद जब उन्होंने मोबाइल देखा तो बैंक खाते से लगातार रकम कटने के संदेश मिले। शाम करीब छह बजे तक उनके खाते से कुल 7.80 लाख रुपये निकल चुके थे। रकम कटने की जानकारी मिलते ही उन्होंने तत्काल बैंक के ग्राहक सेवा नंबर पर फोन किया और कार्ड को ब्लॉक कराने का अनुरोध किया। इसके अलावा राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर पर भी शिकायत दर्ज कराई और फिर साइबर थाने में लिखित प्रार्थना-पत्र दिया।

# दवा विक्रेताओं की हड़ताल के तहत लोनी में अधिकांश मेडिकल स्टोर रहे बंद

पायनियर समाचार सेवा। लोनी

ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के देशव्यापी आह्वान के अंतर्गत लोनी क्षेत्र में अधिकांश मेडिकल स्टोर बंद रहे। दवा विक्रेताओं की एक दिनी सांकेतिक हड़ताल का मुख्य उद्देश्य ऑनलाइन फामेर्सी द्वारा दी जा रही भारी छूट और उनकी बेलगाम कार्यप्रणाली का विरोध करना है। उन्होंने अपनी मांग पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है।

देशव्यापी हड़ताल के पूर्व घोषित कार्यक्रमनुसार मंगलवार को एआईओसीडी के नेतृत्व में एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल का असर लोनी में भी खूब देखने को मिला। यहां क्षेत्र के अधिकांश मेडिकल स्टोर बंद रहे, जिससे दवा खरीदने पहुंचे जरूरतमंदों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

दवा व्यापारियों का कहना है कि कोरोना लॉकडाउन के दौरान भारत सरकार ने विशेष परिस्थितियों में



ऑनलाइन कंपनियों को दवाइयों की बिक्री की अनुमति दी थी, लेकिन अब इसका बड़े स्तर पर दुरुपयोग किया जा रहा है। व्यापारियों के अनुसार ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बिना पर्याप्त निगरानी के दवाइयों की बिक्री हो रही है, जिससे स्वास्थ्य सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। व्यापारियों का आरोप है कि ऑनलाइन माध्यम से नशे में इस्तेमाल होने वाली दवाइयों, प्रतिबंधित दवाओं तथा एक्सपायर दवाइयों की बिक्री बढ़ रही है।इससे आम लोगों की सेहत को खतरा पैदा हो सकता है। दवा विक्रेताओं ने यह भी कहा कि ऑनलाइन कंपनियां नियमों की अनदेखी कर तेजी से बाजार पर कब्जा कर रही हैं, जिससे छोटे और स्थानीय मेडिकल स्टोरों का कारोबार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने सरकार से ऑनलाइन दवा बिक्री के लिए सख्त नियम लागू करने और निगरानी बढ़ाने की मांग की।

व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यह बंद एक दिन का सांकेतिक विरोध है, लेकिन यदि सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदल सकता है।

## बाइक सवार ने दो महिलाओं को टक्कर मारी

**ट्रांस हिंडन।** शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र के राजेंद्रनगर सेक्टर तीन में तेज रफ्तार बाइक ने दो महिलाओं को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। चालक मौके से बाइक लेकर फरार हो गया। महिला के पति ने बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

नारायण होम निवासी चंदन सिंह ने पुलिस को बताया कि 16 मई को उनकी पत्नी मोहिनी बाजार से लौट रही थीं। जैसे ही वह राजेंद्रनगर सेक्टर तीन में शिव मंदिर के पास पहुंची तो तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने मोहिनी को टक्कर मार दी। मोहिनी को टक्कर मारने के बाद बाइक ने एक अन्य महिला को भी टक्कर मारी। हादसे में मोहिनी और दूसरी महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर शराबा होने पर चालक बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर वह मौके पर पहुंचे और पत्नी को अस्पताल में भर्ती कराया। चंदन के अनुसार बाइक की टक्कर से उनकी पत्नी के दोनों हाथ टूट गए और सिर में भी गंभीर चोट लगी है। दूसरी महिला की भी हालत गंभीर बनी हुई है।